mail

अरूण कुमार, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, मोतिहारी द्वारा दिनांक–15.07.2025 एवं 16.07.2025 को पथ प्रमंडल, बेतिया अन्तर्गत भारत–नेपाल सीमा सड़क परियोजना का विभिन्न पैकेजों का निरीक्षण प्रतिवेदन।

इण्डो–नेपाल बॉडर रोड (पैकेज सं0–02 डुमरी से हरकटवा चैनेज कि0मी0 26.500 से 54.950)

उपस्थित पदाधिकारी का नाम :–

1. श्री अजय कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
2. श्री संजीव कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल सं0–02, बेतिया।
3. श्री राजेश कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
4. श्री अनिल कुमार, संवेदक अभियंता।
5. श्री विकास कुमार, संवेदक प्रतिनिधि।

इस पथ की कुल लम्बाई 28.450 कि0मी0 है, जिसका कार्य संवेदक मेसर्स उज्जैन इंजिकॉन ई0 प्रा0 लि0 द्वारा किया जा रहा है।

(i) इस पैकेज के पथांश चैनेज 43+080 से 45+690 के बीच GSB & WMM कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाया गया। संवेदक प्रतिनिधि एवं उपस्थित अभियंताओं को GSB & WMM कार्यो में तेजी लाने एवं कार्य को विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण कराने हेतु निदेशित किया गया।

(ii) पथ के चैनेज 49+190 पर सिठ्ठी नदी पर अवस्थित HL RCC Bridge के Abutment के एक तरफ पथ Washout होने के कारण आगे का कार्य करने हेतु रास्ता अवरूद्ध पाया गया तथा दुसरे तरफ कटाव जारी था, इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने हेतु स्थल पर उपस्थित पदाधिकारीयों एवं संवेदक प्रतिनिधि को निदेशित किया गया।

(iii) पथ के Shoulder में कई जगहों पर Undulation & Raincut पाया गया, जिसे Rectification करने हेतु संवेदक प्रतिनिधि को निदेशित किया गया।

(iv) पथ के कि0मी0 50वें, 51वें एवं 52वें (P) में किये गये Non Bituminious कार्य पर शीघ्र Bituminious कार्य करने हेतु संवेदक प्रतिनिधि को निदेशित किया गया।

(v) पथ के अन्य चैनेज पर किये गये Bituminious कार्य संतोषप्रद पाया गया।

(vi) अवशेष बचे कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संवेदक प्रतिनिधि को निदेशित किया गया।

इण्डो–नेपाल बॉडर रोड (पैकेज सं0–03 रूपौलिया से भंगहा चैनेज कि0मी0 54.950 से 81.900)

उपस्थित पदाधिकारी का नाम :–

1. श्री अजय कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
2. श्री अजय कुमार पाल, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल सं0–02, बेतिया।
3. श्री राजेश कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया।
4. श्री आनन्द कुमार, संवेदक अभियंता।
5. श्री गुंजन कुमार, संवेदक प्रतिनिधि।

इस पथ की कुल लम्बाई 26.50 कि0मी0 है, जिसका कार्य संवेदक मेसर्स गणेश राम डोकानिया, बॉका द्वारा किया जा रहा है।

O/C

(i) इस पैकेज के पथांश चैनेज 54+950 से 70+000 के बीच Bituminious पथांश के Shoulder में कुछ स्थानों पर Undulation & Raincut पाया गया, जिसे Rectify करने का निदेश संवेदक प्रतिनिधि को दिया गया। इस पथांश में पथ क्रस्ट की स्थिति संतोषजनक पाई गई।

(ii) पथ के पथांश चैनेज 78+500 से 79+350 के बीच किये गये मिट्टी कार्य पर शीघ्र GSB & WMM कार्य कराने हेतु स्थल पर पदाधिकारियों एवं संवेदक प्रतिनिधि को निदेशित किया गया।

(iii) इस पैकेज के पचगछिया मौजा में 300मी0 (आम का बगीचा) वाले Alignment को Stretch Free करने हेतु वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(iv) कार्य स्थल पर Manpower एवं मशीनरी की कमी पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु संवेदक प्रतिनिधि को निदेशित किया गया।

17/07/2025

अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।

ज्ञापांकः– 910, दिनांकः– 17.7.25

प्रतिलिपिः–

1. कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक हेतु प्रेषित। निदेशित किया जाता है कि संवेदक से ससमय कार्य पूर्ण कराने हेतु अपने स्तर से निदेशित करना चाहेगें।
2. संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी (INBRP) पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु समर्पित।
3. मुख्य अभियंता (उत्तर), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु समर्पित।
4. अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

17/07/2025

अधीक्षण अभियंता
पथ अंचल, मोतिहारी।